# वार्षिक परीक्षा प्रणाली
## मॉडल टेस्ट पेपर (2024-25)
## विषय : संस्कृत
## कक्षा : दसवीं

**समय : 3 घण्टे**

**अंक = 80**
**आन्तरिक मूल्यांकन = 20**
**कुल अंक = 100**

- **प्रश्नपत्र में कुल 8 प्रश्न होंगे।**
- **प्रश्न पत्र में दो भाग ( क, ख) होंगे ।**
- **अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न ) प्रश्न-पत्र के भाग क में कुल एक-एक अंक के 30 प्रश्न होंगे।**
- **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।**

## भाग क
### अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

I

**(I) किन्हीं पाँच का सही सन्धि विच्छेद चुने:**

**(i) 'रामो हसति' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1. रामो+हसति 2 रामस्+हसति 3 राम:+हसति 4 इनमें कोई नहीं ।

**(ii) 'कस्सेवते' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1.क:+ सेवते 2 क+सेवते 3 कस्+सेवते 4 इनमें कोई नहीं ।

**(iii) 'एकशिशु:' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1 एक + शिशु: 2 एक: +शिशु: 3 एकश् +शिशु: 4 इनमें कोई नहीं ।

**(iv) 'कोऽपि' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1 क+अपि 2 को+अपि 3 क:+अपि 4 इनमें कोई नहीं ।

(v) **'शिष्यो नमति' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1 **शिष्यो** + नमति 2 **शिष्य:** + नमति 3 **शिष्य** + नमति 4 इनमें कोई नहीं ।

**(vi) 'कृष्णस्सर्प:' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1 कृष्ण + सर्प: 2 कृष्णस् +सर्प: 3 कृष्ण: +सर्प: 4 इनमें कोई नहीं । 5x1=5

**(vii) 'नरस्तरति' शब्द में कौन सा सन्धि विच्छेद सही है ?**

1. नर:+तरति 2 नरस्+तरति 3 नरो+तरति 4 इनमें कोई नहीं ।

**(II) किन्हीं पाँच के धातु और उपसर्ग अलग अलग करें :**
अपवदति ,अपनयति , अवगच्छति , उपविशति, उपत्तिष्ठति, अवरोहति, विकसति। 5x1=5

**(III) निम्नलिखित धातुओं में से किन्हीं पाँच में यथानिर्दिष्ट सही प्रत्यय चुने :**

**(i) 'पानीय' धातु रूप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है? चुने:**

1- तव्यत् 2 - अनीयर् 3 - तुमुन् 4 - क्त

**(ii) 'गन्तुम्' धातुरूप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है ? चुने:**

1 - क्त्वा 2 -अनीयर् 3 - तुमुन् 4 - तव्यत्

**(iii) 'गत' रुप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है? चुने:**

1 – तव्यत् 2 – अनीयर् 3 – तुमुन् 4 - क्त

**(iv) 'पठितव्य' धातुरूप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है ? चुने:**

1 – क्त्वा 2 –अनीयर् 3 – तुमुन् 4 – तव्यत्

**(v) 'भक्षयितुम्' रुप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है? चुने:**

1 – क्त्वा 2 – अनीयर् 3 – तुमुन् 4 – तव्यत्

**(vi) 'पठनीय' धातुरूप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है ? चुने:**

1 – तव्यत् 2 –अनीयर् 3 – तुमुन् 4 – क्त

**(vii) 'नीत्वा' रुप में कौन सा कृदन्त प्रत्यय लगा हुआ है? चुने:**

1 – क्त्वा 2 –अनीयर् 3 – तुमुन् 4 – तव्यत्

अथवा

**किन्हीं पाँच अव्ययों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग करें :** 5x1=5

सदा, अतीव, कुत:, सहसा , शीघ्रम्, अद्यत्वे, अत: ।

**(IV) निम्नलिखित विभक्तियों में उचित वचन लगाकर विभक्ति को पूर्ण करे:– ( कोई पाँच)**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| (i) | रीति: | रीती | ……. |
| (ii) | मतये | मतिभ्याम् | ……. |
| (iii) | गुरो: | गुर्वो: | ……… |
| (iv) | भानु: | ……… | भानव: |
| (v) | वारि | वारिणी | ……. |
| (vi) | मधु | मधुनी | ………. |
| (vii) | ……. | भानू | भानून् |

5x1=5

**(V) निम्नलिखित धातुओं में उचित वचन लगाकर पुरुष को पूर्ण करे:–( कोई पाँच)**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| (i) | दीव्यामि | ………. | दीव्याम: |
| (ii) | क्षालयतु | क्षालयताम् | ……. |
| (iii) | ……. | भक्षयेताम् | भक्षयेयु: |
| (iv) | अकथयत् | अकथयताम् | ……. |
| (v) | अभ्राम्य: | अभ्राम्यतम् | ……. |
| (vi) | भक्षयिष्यसि | ……. | भक्षयिष्यथ |
| (vii) | चोरयामि | ……… | चोरयाम: |

5x1=5

**(VI) संस्कृत शब्दों का हिन्दी शब्दों के साथ सही मिलान करें ।(किन्हीं पाँच का)**

| **क** | **ख** |
|---|---|
| (क) सुमन: | घूमता है। |
| (ख) भ्रमति | दुष्ट |
| (ग) गिरा | फूल |
| (घ) वित्तस्य | कान्ति |
| (ङ) खल: | धन को |
| (च) रुचि: | सूर्य |
| (छ) मिहिर: | पर्वत |

5x1=5

## भाग – ख

**II** **निम्नलिखित गद्यांशों  में से किसी दो गद्यांश का हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में अनुवाद करें :** 2x5=10

(क) सूर्य: उज्वल: अग्निपिण्ड: सर्वेभ्य: प्रकाशं तापं ऊर्जां च यच्छति । पृथिव्या: य: भाग: यदा सूर्यम् अभित: भवति तदा तत्र सूर्यस्य प्रकाश: पतति, तेन हि दिनं भवति । अपरस्मिन् च पृष्ठे भागे अन्धकारेण रात्रि: भवति । पृथिव्या: स्वे अक्षे भ्रमणेन पृथिव्या: सर्वे भागा: पर्यायेण सूर्यम् अभित: आगच्छन्ति । इत्थं सर्वत्र पर्यायेण दिनं रात्रि: वा , प्रात: सायं वा इति काल-विभागा: भवन्ति ।

(ख) अथ स श्रेष्ठी तम् अपृच्छत् – "भो: अभ्यागत, कथय कुत्र स मम दारक: , य: त्वया सह नदीं गत: ?" जीर्णधन: अवदत् –" नदी- तटात् स श्येनेन अपहृत: ।" श्रेष्ठी अकथयत् –" भो: मिथ्यावादिन् , किं क्वचित् श्येन: बालं हर्तुं शक्नोति ? तत् समर्पय मम सुतम्। अन्यथा राजपुरुषाय निवेदयिष्यामि।" जीर्णधन: आह –"भो: सत्यवादिन् , यथा श्येन: बालं न अपहरति तथा मूषिका: अपि लोह-घटितां तुलां न भक्षयन्ति । तत् अर्पय मे तुलां , यदि तव दारकेण प्रयोजनम् ।"

(ग) पंचापस्य वीरप्रसूभूमौ महाराज्ञो रणजीतसिंहस्य नाम ' शेर-ए-पंजाब' रूपेण जना: सादरं स्मरन्ति । तस्य जन्म ख्रिष्टाब्दस्य 1780 तमे वर्षे 'सुकरचकिया' मिसलस्य सरदारस्य महासिंहस्य गृहे अभवत् । तस्य मातु: नाम राजकौर: आसीत् । सा तस्य नाम बुधसिंह: इति अकरोत् । महासिंह: रणक्षेत्रे तस्य जन्मन: सूचनां प्राप्तवान् । तत्र विजयं प्राप्य स: तस्य नाम 'रणजीतसिंह:' इति अकरोत् ।

**III** **निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी  में लिखें :** 2x5=10

(क) विकसति कमलं विलसति सलिलं, पवनो वहति सलीलम् ।
दिशि-दिशि धावति कूजति नृत्यति खग-कुलमतिशय लोलम् ॥

(ख) काव्यशास्त्र विनोदेन कालो गच्छति धीमताम् ।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा ॥

(ग) नास्ति विद्या-समो बन्धु, न च सत्य-सम: सखा ।
नास्ति रोग- समं दुखं न च त्याग-समं सुखम् ॥

**IV** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर अपनी पाठ्य पुस्तक के आधार पर हिन्दी में करें।** 4x2=8

(i) सच्चा मित्र कौन होता है ?
(ii) भ्रमण और परिभ्रमण में क्या अन्तर है ? दृष्टान्त से स्पष्ट करें ।
(iii) बुद्धि के विकास के लिए क्या करना चाहिए ?
(iv) वेद् कितने हैं ? उनके नाम लिखो ।
(v) जीर्णधन दूसरे देश में किस लिए गया ?
(vi) संस्कृत के किन्हीं चार कवियों अथवा नाटककारों के नाम लिखो ?

**V** **निम्नलिखित संस्कृत प्रश्नों में से किन्हीं चार उत्तर संस्कृत में करें ।** 4x2=8

(i) संस्कृत-भाषा कीदृशी अस्ति ?
(ii) पृथ्वी कं परित: परिभ्रमति ?
(iii) जीर्णधन: क: आसीत् ?
(iv) खगकुलं कुत्र नृत्यति ?
( v) महाराजा रणजीतसिंह: कै: महाराजा पदेन विभूषित: ?
(vi) क: प्रदेश: पृथिव्यां स्वर्गखण्ड: इव स्थित:?

| | | |
|---|---|---|
| VI | **किन्हीं पाँच वाक्यों में उचित विभक्ति लगाकर शुद्ध करें :**<br><br>(i) ग्रामस्य / ग्रामं परित: वृक्षा: सन्ति ।<br>(ii) अलं विषादात् / विषादेन ।<br>(iii) ग्रामं / ग्रामस्य अभित: नदी वहति ।<br>(iv) पिता पुत्राय / पुत्रे स्निह्यति ।<br>(v) स व्याकरणे / व्याकरणं कुशल: ।<br>(vi) विद्यालयं / विद्यालयस्य उभयत: जलं वर्तते ।<br>(vii) देवाय / देवं नम: ।<br><br>अथवा<br>**किन्हीं पाँच वाक्यों में उचित शब्द चुनकर रिक्त – स्थानों की पूर्ति करें:**<br>(i) मिहिर: ...............। ( प्रचरति , उदयति )<br>(ii) नैनं .......... पावक:। ( वहति, दहति)<br>(iii) प्रात: सूर्य: ........... दिग्विभागे उदेति । ( पूर्वे , पश्चिमे )<br>(iv) ......गतयो भवन्ति वित्तस्य । (तिस्र:, षड् )<br>(v) विद्या ददाति . . ...। (विनयम् , शौर्यम् )<br>(vi) वस्तुत: यानम् एव धावति न ........... । ( वृक्षा:, राजमार्गा:)<br>(vii) नौकागृहे ........ कृतवन्त: । ( निवासं, विश्रामं) | 5x1=5 |
| VII | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखें।**<br>इयं भाषा सरला सुबोधा च अस्ति । अस्यां भाषायां वाक्य- विन्यासस्य नियमा: विशेषेण सरला: सन्ति । शनै:-शनै: नियमपूर्वकम् अभ्यासं कृत्वा बालक: अस्यां भाषायां प्रवीणतां प्राप्तुं शक्नोति। शब्दानां विशाल: भण्डार: अस्या: भाषाया: अनन्या विशेषता अस्ति । अस्यां भाषायां शब्द-निर्माणस्य अद्भुता शक्ति: अस्ति। अद्यापि इयं भाषा पारिभाषिकाणां शब्दानां निर्माणे सहायतां करोति । प्रादेशिकीनां भाषाणां विकासाय समृद्धये च अस्या: भाषाया: महतीम् आवश्यकतां सर्वे अपि स्वीकुर्वन्ति ।<br><br>प्रश्न: (i) संस्कृत-भाषा कीदृशी अस्ति ?<br>(ii) अस्यां भाषायां शब्द- निर्माणस्य का शक्ति: अस्ति ? | 2 x2=4 |
| VIII | **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में संस्कृत में निबन्ध लिखें :**<br>(i) मम अध्यापक: ।<br>(ii) मम प्रियं मित्रम् ।<br>(iii) अस्माकं विद्यालय: ।<br>*अथवा*<br><br>**निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करें :**<br>(i) यहाँ कौन आ रहा है ।<br>(ii) कमल जल में पैदा होता है ।<br>(iii) गुरू को पूछ कर बाहर जाओ ।<br>(iv) मैं दान देना चाहता हूँ ।<br>(v) ये धुले हुए कपड़े किसके हैं ।<br>(vi) गाँव के चारों ओर वृक्ष हैं ।<br>(vii) मेहनत बिना विद्या नहीं ।<br>(viii) संस्कृत भाषा सरल है । | 5x1=5 |